अनुक्रमांक

नाम

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 8

101 **301(HD)**

2025

हिन्दी

समय : तीन घण्टे 15 मिनट पूर्णांक : 100

नोट :

(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

(ii) इस प्रश्न-पत्र में दो खण्ड हैं। दोनों खण्डों के सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

खण्ड - क

1. (क) कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर' का जन्म हुआ था 1

(i) सुल्तानपुर में

(ii) शाहजहाँपुर में

(iii) सहारनपुर में

(iv) रायबरेली में।

(ख) 'बादल की मृत्यु' एकांकी है 1

(i) महादेवी वर्मा का

(ii) रामकुमार वर्मा का

(iii) प्रेमचन्द का

(iv) इनमें से कोई नहीं।

(ग) 'त्याग पत्र' उपन्यास के लेखक हैं 1

(i) प्रेमचन्द

(ii) रामचन्द्र शुक्ल

(iii) जैनेन्द्र कुमार

(iv) इनमें से कोई नहीं।

modelpaper.info

(घ) सन् 1957 ई० में भारत सरकार ने 'पद्म भूषण' की उपाधि से सम्मानित किया 1

(i) रामचन्द्र शुक्ल को

(ii) डॉ० हजारी प्रसाद द्विवेदी को

(iii) महादेवी वर्मा को

(iv) इनमें से कोई नहीं।

(ङ) पं० दीनदयाल उपाध्याय की रचना है 1

(i) विचार और वितर्क

(ii) भारतीय अर्थनीति

(iii) धरती के फूल

(iv) इनमें से कोई नहीं।

(घ) 'उद्धव शतक के रचनाकार है 1

(i) जगनाथ दास रत्नाकर

(ii) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध'

(iii) मैथिलीशरण गुप्त

(v) राजा लक्ष्मण सिंह।

(ङ) महावीर प्रसाद द्विवेदी सम्पादक है 1

(i) 'सरस्वती' पत्रिका के

(ii) 'प्रभा' पत्रिका के

(iii) 'मर्यादा' पत्रिका के

(iv) 'चाँद' पत्रिका के।

3. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 2+2+2+2+2=10

संस्कृति के विकास और अभ्युदय के द्वारा ही राष्ट्र की वृद्धि संभव है। राष्ट्र के समग्र रूप में भूमि और जन के साथ-साथ जन की संस्कृति का महत्त्वपूर्ण स्थान है। यदि भूमि और जन अपनी संस्कृति से विरहित कर दिये जायें तो राष्ट्र का लोप समझना चाहिए। जीवन के विटप का पुष्य संस्कृति है। संस्कृति के सौन्दर्य और सौरभ में ही राष्ट्रीय जन के जीवन का सौन्दर्य और यश अंतर्निहित है। ज्ञान और कर्म दोनों के पारस्परिक प्रकाश की संज्ञा संस्कृति है। भूमि पर बसने वाले जन ने ज्ञान के क्षेत्र में जो

modelpaper.info

सोचा है और कर्म के क्षेत्र में जो रचा है, दोनों के रूप में हमें राष्ट्रीय संस्कृति के दर्शन मिलते हैं।

(i) प्रस्तुत गद्यांश के पाठ एवं लेखक के नाम लिखिए।

(ii) राष्ट्र का अभ्युदय कैसे सम्भव है?

(iii) राष्ट्र का लोप किसके अभाव में हो जाता है?

(iv) किसके पारस्परिक प्रकाश की संज्ञा संस्कृति है?

(v) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

अथवा

भाषा समूची युग चेतना की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है और ऐसी सशक्तता वह तभी अर्जित कर सकती है, जघ वह अपने युगानुकूल सही मुहावरों को ग्रहण कर सके। भाषा सामाजिक भाव-प्रकटीकरण की सुबोधता के लिए ही उद्दिष्ट है, इसके अतिरिक्त जरूरत ही सोची नहीं जाती। इस उपयोगिता की सार्थकता सम-सामयिक सामाजिक चेतना में प्राप्त (द्रष्टव्य) अनेक प्रकारों की संश्लिष्टताओं की दुरुहता का परिहार करने में निहित है। कभी-कभी अन्य संस्कृतियों के प्रभाव से और अन्य जातियों के संघर्ष से भाषा में नये शब्दों का प्रवेश होता है।

(i) प्रस्तुत गद्यांत्रा के पाठ और लेखक के नाम लिजिए।

(ii) समूची युग चेतना की अभिव्यक्ति का सशक्त सुम्मेयम क्या है?

(iii) भाषा किस भाव का प्रकटीकरण करने का उद्देश्य रखती है?

(iv) भाषा में नये शब्दों का प्रवेश कब होता है?

(v) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

4. निम्नलिखित पद्यांशों पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 2+2+2+2+2=10

नील परिधान बीच सुकुमार
खुल रहा मृदुल अधखुला अंग,
खिला हो ज्यों बिजली का फूल
मेघ वन चीच गुलाबी रंग।
आह ! वह मुख पश्चिम के व्योम-
बीच जब घिरते हों घनश्याम,

अरुण रवि मंडल उसको भेद
दिखाई देता हो छविधाम।

(i) उपर्युक्त पद्यांश के पाठ और रचयिता के नाम लिखिए।

(i) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(iii) 'मेघ-चन बीच गुलाबी रंग' में अलंकार-निरूषा कीजिए।

(iv) इस अवतरण में किसके सौन्दर्य का वर्णन किया गया है?

(v) 'परिधान' तथा 'अरुण' के एक-एक पर्यायवाची शब्द लिखिए।

अथवा

यह मनुज जिसकी शिखा उद्दाम,
कर रहे जिसको चराचर भक्ति युक्त प्रणाम।
यह मनुज जो सृष्टि का श्रृंगार,
जाउ का, विज्ञान का, आलोक का अंगार
'व्योम से पाताल तक सब कुछ इसे है ज्ञेय,
पर, न यह परिचय मनुज का यह न उसका श्रेय।

(i) प्रस्तुत पद्यांश के कविता का शीर्षक एवं कधिके नाम का उल्लेख कीजिए।

(ii) चराचर किसे भक्ति पूर्वक प्रणाम करते हैं?

(iii) ज्ञान-विज्ञान के आलोक का अंगार कौन है।

(iv) व्योम से आकाश तक का ज्ञान किसे कहते

(v) सृष्टि का श्रृंगार कौन है?

5. (क) निम्नलिखित में से किसी एक लेखक का जीवन-परिचय देते हुए उनकी साहित्यिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए: 3+2=5

(i) डॉ० हजारी प्रसाद द्विवेदी (ii) प्रो० जी० सुन्दर रेड्डी

(iii) डॉ० ए० पी० जे० अब्दुल कलाम।

(ख) निम्नलिखित में से किसी एक कवि का जीवन-परिचय एवं उनकी कृतियों का उल्लेख कीजिए: 3+2=5

(i) जगन्नाथ दास 'रत्नाकर' (ii) जयशंकर प्रसाद

(iii) सुमित्रा नंदन पंत।

modelpaper.info

6. 'बहादुर' अथवा 'खून का रिश्ता' कहानी की कहानी कला के आधार पर समीक्षा कीजिए। (अधिकतम शब्द-सीमा 80 शब्द) 5

अथवा

'लाटी' के प्रमुख पात्र की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। (अधिकतम शब्द-सीमा 80 शब्द)

7. स्वपठित खण्डकाव्य के आधार पर किसी एक खण्ड्कोव्य के एक प्रश्न का उत्तर दीजिए। (अधिकतम शब्द-सीमा 80 शब्द) 5

(क) 'रश्मिरथी' खण्डकाव्य के कथानक की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

अथवा

'रश्मिरथी' खण्डकाव्य के आधार पर नायक के चरित्र की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ख) 'सत्य की जीत' खण्डकाव्य की प्रमुख घटनाओं का उल्लेख कीजिए।

अथवा

'सत्य की जीत' खण्डकाव्य के आधार पर द्रोपदी की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(ग) खण्डकाव्य के लक्षणों के आधार पर 'मुक्तियुद्ध' खण्डकाव्य की समीक्षा कीजिए।

अथवा

'मुक्तियज्ञ' खण्डकाव्य की राष्ट्रीयता और देशभक्ति की भावना पर प्रकाश डालिए।

(घ) 'त्यागपथी' खण्डकाव्य की प्रमुख घटनाओं की उल्लेख कीजिए।

अथवा

'त्यागपथी' खण्डकाव्य के आधार पर 'हर्षवर्धन' के चरित्र की विशेषताएँ बताइए।

(ङ) खण्डकाव्य के लक्षणों के आधार पर 'आलोक-वृत्त' खण्डकाव्य की समीक्षा कीजिए।

अथवा

'आलोक-वृत्त' के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

(च) 'श्रवणकुमार' खण्डकाव्य की कथावस्तु संक्षेप में अपने शब्दों में लिखिए।

अथवा

'श्रवणकुमार' खण्डकाव्य के आधार पर 'श्रवणकुमार' के चरित्र की विशेषताएँ लिखिए।

modelpaper.info

खण्ड - ख

(क) निम्नलिखित संस्कृत गद्यांशों का संदर्भ-सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए। 2+5=7

धन्योऽयम् भारतदेशः यत्र समुल्लसति जनमानसपावनी, भव्यभावोद्भाविनी, शब्द-सन्दोह-प्रसविनी सुरभारती। विद्यमानेषु निखिलेष्वपि वाङ्मयेषु अध्याः वाङ्मयं सर्वश्रेष्ठं सुप्सम्पन्नं च वर्तते। इयमेव भाषा संस्कृतनाम्नापि लोके प्रथिता अस्ति। अस्माकं युयिण-महाभारताचधैतिहासिक ग्रन्थाः, चत्वारो वेदाः, सर्वा उपनिषदः, अष्टादशपुराणानि, अन्यानि च महाकाव्ये-नाट्यादीनि अस्यामेव भाषायां लिखितानि सन्ति। इयमेव भाषा सर्वासामार्यभाषाणां जननीति मन्यते भाषातत्त्वविद्भिः।

अथवा

महापुरुषाः लौकिक प्रलोभनेषु वृद्धाः नियतलक्ष्यात्र कदापि भ्रश्यन्ति। देशसेवानुरक्तोऽयं युवा उच्चन्यायालयस्य परिधौ स्थातुं नाशक्नोत् पण्डित मोती लाल नेहरू, लाला लाजपतरायप्रभृतभिः अन्यैः राष्ट्रनायकैः सह सोऽपि देशस्य स्वतन्त्रतासंग्रामेऽवतीर्णः।

(ख) निम्नलिखित श्लोकों का हिन्दी में संदर्भ-सहित अनुवाद कीजिए: 2+5=7

पश्य रूपाणि सौमित्रे वनानां पुष्पशालिनाम्।..
सृजतां पुष्प वर्षाणि वर्ष तोयमुचामिव॥

अथवा

बज्रादपि कठोराणि मृदूनि कुसुमादपि।
लोकोत्तराणां चेतांसि को नु विज्ञानुमर्हति॥

9. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए। 2+2=4

(क) संस्कृतस्य के प्रमुखाः कवयः आसन्?

(ख) भोजस्य सभायां कः कविः प्रभातवर्णनम् अकरोत्?

(ग) खलस्य विद्या किं अर्थ भवति?

(घ) शिक्षायाः क्षेत्रे श्रीमालवीयः किमकरोत्?

10. (क) 'वीर' अथवा 'शान्त' रस की परिभाषा सोदाहरण लिखिए। 2

(ख) 'उपमा' अथवा 'रूपक' अलंकार की परिभाषा लिखकर उदाहरण प्रस्तुत कीजिए। 2

modelpaperinfo

(ग) 'सबैया' अथवा 'चौपाई' की परिभाषा लिखकर उदाहरण प्रस्तुत कीजिए। 2

11. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए। 2+7=9

(क) ग्रामीण रोजगार योजनाएँ

(ख) वर्तमान में युवा की दशा और दिशा

(ग) प्रजातंत्र में राजनीतिक दलों का महत्त्व

(घ) मेरा प्रिय कवि।

12. (क) (अ) 'भावुकः' का सन्धि विच्छेद है 1

(i) भौ + उकः (ii) भौ अकः

(iii) भाव + ओकः (iv) भौ + अकः।

(ब) 'सत् + चरित्रम्' की सन्धि होगी 1

(i) संचरित्रम् (ii) संशरित्रम्

(iii) सच्चिरत्रम् (iv) सच्चरित्रम्।

(स) 'रामस्तिष्ठति' में सन्धि है 1

(i) स्वर सन्धि (ii) व्यंजन सन्धि

(iii) विसर्ग सन्धि (iv) गुण सन्धि।

(ख) निम्नलिखित में से किसी एक का विग्रह के समास का नाम लिखिए: 1+1=2

(i) प्रतिदिनम् (ii) पीतकमलम् (iii) पीताम्बः।

13. (क) निम्नलिखित में से किसी एक शब्द के धातु एवं प्रत्यय का योग स्पष्ट कीजिए। 1

(i) करणीय (ii) पीत्वा (iii) मानवत्व।

(ख) निम्नलिखित में से किसी एक शब्द का प्रत्यच लिखिए। 1

(i) नीत्वा (ii) गमनीयः (iii) लघुत्व।

(ग) रेखांकित पदों में से किसी एक पद में प्रयुक्त विभक्ति तथा सम्बन्धित नियम का उल्लेख कीजिए: 1+1=2

(i) विद्यालयम् परितः वृक्षाः सन्ति।

(ii) मोहनः गृहात् आगच्छति।

(iii) काव्येषु नाटकं रम्यम्।

modelpaper.info

14. बीमार होने के कारण विद्यालय आने में असमर्थ होने की स्थिति में प्राचार्य से एक सप्ताह के लिए अबकाश हेतु प्रार्थना-पत्र लिखिए। 8

अथवा

आपके क्षेत्र में अनधिकृत भवन बनाए जा रहे हैं उस अवैध निर्माण को रोकने के लिए जिलाधिकारी को प्रार्थना-पत्र लिखिए।

modelpaper.info